बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

पू.उ.प्र.अं./43/एसएलबीसी/मार्च 2017/345 06.09.2017

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) के समस्त सदस्यों को पत्र

महोदय/महोदया,

विषय :- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ. प्र.) की मार्च 2017 हेतु समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

कृपया राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ. प्र.) की त्रैमासान्त मार्च 2017 को समाप्त तिमाही हेतु आयोजित बैठक दिनांक 28.06.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस क्रम में उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त आपकी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है। हम आपको अवगत कराना चाहते हैं कि संलग्न कार्यवृत्त को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0 प्र0) की वेबसाइट www.slbcup.com पर अपलोड कर दिया गया है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया विभिन्न कार्य बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अद्यतन प्रगति हमें प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि तदनुसार आगामी बैठक में इसका समावेश किया जा सके।

भवदीय,

(एस. बी. प्रसाद)
उप महाप्रबन्धक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.)

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, पूर्वी उ.प्र. अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी–23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ –226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Eastern U.P. Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010
फोन / Phone:6677607 (GM), 6677609(Sectt.), 6677722(AGM), 6677721, 6677725 (Deptt.) फैक्स / Fax:0522-6677726, 6677732
ई–मेल / E-mail:slbc.up@bankofbaroda.co.in वेबसाइट / Website : www.slbcup.com

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ. प्र.) की मार्च 2017 तिमाही की दिनांक 28.06.2017 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

राज्य स्तरीय बैकर्स समिति (उ.प्र.) की मार्च 2017 त्रैमास की समीक्षा बैठक दिनांक 28.06.2017 को कक्ष संख्या 111, योजना भवन, सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता श्री पी. एस. जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, मुम्बई द्वारा की गयी।

यह बैठक माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्य नाथ एवं माननीय वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्री राजेश अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में श्री राहुल भटनागर, आई.ए.एस., मुख्य सचिव ; श्री चन्द्र प्रकाश, आई.ए.एस., कृषि उत्पादन आयुक्त ; डॉ अनूप चन्द्र पाण्डेय, आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त ; श्री अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ ; श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त बीमा एवं बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की उपस्थिति प्रमुख रही। साथ ही विभिन्न बैंको के उच्च प्रबन्ध तंत्र से भी कार्यपालकों की उपस्थिति रही जिसमें मुख्यत: बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक श्री अशोक कुमार गर्ग एवं कार्पोरेट महाप्रबन्धक श्री जी. बी. भुड़यन ; भारतीय स्टेट बैंक के उप कार्यकारी निदेशक श्री के. वी. हरिदास ; यूनियन बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री विनोद कथूरिया ; सिंडीकेट बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री रवि शंकर पाण्डेय मौजूद थे। विभिन्न बैंको/वित्तीय संस्थाओ के वरिष्ठ कार्यपालकों तथा राज्य व केन्द्र सरकार के उच्चाधिकारियों ने भी इस बैठक मे सहभागिता की। बैठक मे भाग लेने वाले सहभागियों की सूची संलग्न है।

बैठक के प्रारम्भ मे श्री बी. एस. ढ़ाका, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला:

- प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओ मे शामिल U P Agri Debt Redemption Scheme, 2017 के अंतर्गत लघु व सीमांत कृषको के फ़सली ऋण खातों से संबन्धित विभिन्न सूचनाओ के संकलन व प्रेषण में सभी बैंको का विशेष सहयोग रहा।
- बैंक शाखा विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में एक उप समिति का गठन किया गया है। इसकी प्रथम बैठक दिनांक 04.05.2017 को सम्पन्न हुई जिसमे सभी स्टेकहोल्डर्स द्वारा सहभागिता की गयी। इस उप समिति में हुई चर्चा के क्रम में प्रथम चरण में रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार तैयार रोडमैप के अनुसार चयनित कुल -571- केन्द्रों में से शेष -518- केन्द्रो पर शीघ्र शाखा स्थापना हेतु सघन प्रयास जारी है।
- वित्तीय साक्षारता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 5 से 9 जून 2017 तक प्रदेश की सभी बैंक शाखाओं में वित्तीय साक्षारता सप्ताह का आयोजन किया गया।
- दिनांक 6 जून 2017 को लखनऊ में House Committee (Lok Sabha) का बैंक ऑफ बड़ौदा के संयोजन में अध्ययन दौरा हुआ जिसमें माननीय सांसदगणों द्वारा अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत बैंको के योगदान व कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गयी।

अपने स्वागत सम्बोधन के अंत में उन्होंने सभी स्टेक होल्डर्स से इन योजनाओं के सफल क्रियांवयन हेतु पुन: अनुरोध किया एवं एस.एल.बी.सी. से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं व विवरणियों के सही व ससमय प्रेषण करने की आवश्यकता बतायी।

डॉ अनूप चन्द्र पाण्डेय, आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त, उ.प्र. शासन ने अपने सम्बोधन में मुख्यत: प्रदेश शासन द्वारा लागू की जाने वाली फसल ऋण मोचन योजना के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला तथा इस योजना से सम्बन्धित विभिन्न पहलूओं पर एक पावर प्वाइंट प्रसेंटेशन किया। इस योजना के मुख्य बिन्दु निम्नवत है -

- योजना की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख करते हुए यह बताया कि उत्तर प्रदेश के चतुर्दिक विकास हेतु प्रदेश सरकार द्वारा उठाया गया एक विशेष प्रयास है। इस योजना के अंतर्गत उन कृषकों को विकास की मुख्य धारा में वापस लाये जाने का प्रयास किया जा रहा है जो अपना कर्ज अदा नहीं कर पा रहे हैं।
- ऐसे लघु एवं सीमांत कृषक जिनके द्वारा फसली ऋण 31.03.2016 या इसके पूर्व ऋण प्रदाता संस्थाओं से प्राप्त किया गया हो, राज्य सरकार रू. 1 लाख तक की धनराशि का ऋण मोचन प्रदान करेगी।
- ऋण मोचन धनराशि की गणना के प्रयोजन हेतु दिनांक 31.03.2016 को बकाया धनराशि (ब्याज सहित) से वित्तीय वर्ष 2016-17 की अवधि में किसान द्वारा आहरित धनराशि या नयी स्वीकृतियों पर विचार किये बिना वित्तीय वर्ष 2016-17 की अवधि में किसान से प्राप्त प्रति भुगतान को घटाकर दिया जायेगा।
- योजनांतर्गत कुछ मानदण्ड तय किये गये है जो किसानो के निवास, भू स्वामित्व इत्यादि से सम्बन्धित है।
- योजनांतर्गत कुछ गतिविधियों को अनाच्छ्दित भी किया गया है।
- विभिन्न हितधारको यथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC), ऋण प्रदाता संस्थाओं, कृषि विभाग, संस्थागत वित्त महानिदेशालय व राजस्व विभाग इत्यादि की भूमिका और दायित्व निर्धारित किये गये है।
- योजना के समयबद्ध कार्यांवयन हेतु जिलास्तरीय समिति, मण्डल स्तरीय समिति तथा राज्य स्तरीय सशक्त समिति का गठन किया गया है जिनके कार्य एवं जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गयी है।
- कार्यांवयन प्रक्रिया के अंतर्गत बैंको से डाटा प्राप्त कर उसका समेकन करते हुए NIC द्वारा विभिन्न स्तरों पर की जाने वाली कार्यवाही हेतु तैयारी कर ली गयी है।
- योजनांतर्गत प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा योजना के प्रभावी अनुश्रवण हेतु एक शिकायत निवारण पोर्टल विकसित किया जाना प्रस्तावित है।
- योजना के अंतर्गत वित्तीय संशाधनों की व्यवस्था हेतु वित्त विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

बैंको से अनुरोध किया कि इस योजना की मुख्य विशेषताओं के प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता कैम्प का आयोजन किया जायें।

उन्होंने विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी स्टेकहोलडर्स से सहयोग की अपेक्षा की तथा सदन को यह भी अवगत कराया कि आज इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा योजना से सम्बन्धित पुस्तिका का विमोचन भी प्रस्तावित है।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में श्री पी एस जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने सभागार में उपस्थित अतिथियों का अभिवादन किया एवं प्रदेश में प्राप्त विभिन्न उपलब्धियों एवं सफलताओं हेतु सभी हितधारको के सहयोग की प्रशंसा की। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलूओं पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। इसी क्रम में उन्होंने उल्लेख किया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था भारत में तीसरे स्थान पर है। यहाँ पर 70% आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि व तत्सम्बन्धी गतिविधियों में संलग्न है। सेवा क्षेत्र का योगदान प्रदेश की Gross State Domestic Product (GSDP) में 55% है जिसके बाद उद्योग व उत्पादन क्षेत्र व कृषि क्षेत्र का योगदान क्रमश: 23% व 22% है।

तत्पश्चात उन्होने वैश्विक, आर्थिक स्थिति के विभिन्न पहलूओं पर चर्चा की।

उन्होंने प्रदेश में उभरती हुई विभिन्न नई गतिविधियों व सरकार द्वारा लिये जा रहे सार्थक निर्णयों की सराहना करते हुए आह्वाहन किया कि सभी स्टेकहोल्डर्स अपना भरपूर योगदान दें ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सुदृढ़ हो सके तथा यहाँ की आबादी को इसका लाभ प्राप्त हो सके। अपने सम्बोधन के दौरान श्री पी एस जयकुमार ने 01.07.2017 से प्रभावी होने वाले GST, डिजिटल पेमेंटस व लेस केश सोसाइटी, भीम ऐप का क्रियांवयन, डिजिधन मेलों की प्रगति व बैंको द्वारा प्रदेश में अंगीकृत किये हुए 11000 गाँव के सर्वांगीण विकास हेतु किये जा रहे विभिन्न प्रयासों व प्रगति से अवगत कराया साथ ही साथ उन्होंने सभी बैंको द्वारा इस वर्ष 1100 अन्य गाँवों को अंगीकृत करने व वित्तीय साक्षरता अभियान व अफोर्डेबल हाउसिंग जैसे अन्य बिन्दुओं पर भी अपने विचार व्यक्त किये। अपने सम्बोधन के दौरान उन्होंने शाखा विस्तार कार्यक्रम की चर्चा करते हुए भारतीय रिजर्व

बैंक के नवीन दिशा निर्देशों जिसमें बैंकिंग आउटलेट्स (Banking Outlets) को परिभाषित किया गया है, के अंतर्गत बैंको से आवश्यक कार्यवाही व सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।

अच्छी फसल के लिए किसानों को समय से अपेक्षित वित्तपोषण किया जाना चाहिए। 2017-18 वित्तीय वर्ष हेतु कृषि ऋण का लक्ष्य रू. 10.00 लाख करोड़ के रिकार्ड स्तर पर तय किया गया है। बुआई के साथ, किसानों को प्राकृतिक आपदा के विरूद्ध सुरक्षा का अहसास होना चाहिए। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत इसी दिशा में उठाया गया एक अहम कदम हैं। इस योजना के अंतर्गत फसली क्षेत्र का कवरेज 2016-17 में जो 30% था वह बढ़कर 2017-18 में 40% तक सम्भावित और वर्ष 2018-19 में इसके 50% तक रहने की सम्भावना है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में इस योजना के बजट का प्रावधान जो रू 5500 करोड़ था, वह बढ़कर रू. 13240 करोड़ के संशोधित अनुमानित व्यय के स्तर पर कर दिया गया है जिससे बकाया दावों का निस्तारण किया जा सके।

पुर्नमुद्रीकरण की प्रक्रिया में पुन: गतिशीलता आ गयी है और जल्दी ही यह सामान्य स्तर पर पहुँचेगी। विमुद्रीकरण का प्रभाव आने वाले वर्षों में भी रहेगा। आई.एम.एफ. द्वारा वर्ष 2016 में भारत के जीडीपी के बारे में की गयी भविष्यवाणी के आधार पर अनुमानित वृद्धि, वर्ष 2017 में 7.2% और वर्ष 2018 में 7.7% रहने की सम्भावना है। यद्यपि विश्व बैंक, जो अपेक्षाकृत अधिक आशावादी है, ने जीडीपी में 2016-17 में 7%, 2017-18 में 7.6% तथा वर्ष 2018-19 में 7.8% वृद्धि का अनुमान लगाया है। हमारी अर्थव्यवस्था में वृद्धि हमारी नीतियों पर आधारित है और आगे भी आर्थिक सुधार की प्रक्रिया जारी रहेगी। बैंकिंग प्रणाली में विमुद्रीकरण के कारण जो अधिशेष तरलता इकट्ठा हुई है, उससे उधार लेने की लागत भी कम होगी और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

<u>राज्य के महत्वपूर्ण संकेतक- व्यवसाय वृद्धि, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की स्थिति एवं शाखा प्रसार योजना आदि</u>

दिनांक 31.03.2017 को कुल जमा और अग्रिम क्रमश: रू. 875456.86 करोड़ एवं रू. 404539.91 करोड़ के स्तर पर पहुँच गया है। कुल अग्रिम राशि में पिछली दिसम्बर 2016 तिमाही की तुलना में कुल रू 29063.28 करोड़ की वृद्धि हुई है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, कृषि एवं कमजोर वर्गो को प्रदत्त ऋण का बकाया स्तर क्रमश: 64.02%; 31.14% एवं 19.46% रहा है जो भारतीय रिजर्व बैंक के मानक स्तर क्रमश: 40%; 18% एवं 10% से अधिकतम स्तर पर है जो एक संतोषप्रद स्थिति है। बैंको द्वारा इस दिशा में किये जा रहे प्रयास सराहनीय है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान कुल -252- नयी बैंक शाखाएँ खोली गयी जिससे प्रदेश में कुल बैंक शाखाओं की संख्या बढ़कर -18258- हो गयी है। इस क्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 30.12.2015 के दिशा निर्देशों के आधार पर एस.एल.बी.सी. (उ.प्र.) ने समस्त सदस्य बैंको के सहयोग से मार्च 2017 तक कुल -571- नयी ब्रिक व मोर्टार शाखाएँ खोलने का रोडमैप तैयार किया था। इस लक्ष्य के सापेक्ष केवल -50- नई शाखाएँ खोली गयी है। इस बड़े अंतर को देखते हुए इस प्रक्रिया में और तेजी लाने की आवश्यकता है।

<u>वार्षिक ऋण योजना (ACP) 2016-17 के अंतर्गत प्रदर्शन -</u>

वार्षिक ऋण योजना 2016-17 के अंतर्गत बैंको द्वारा निर्धारित लक्ष्य रू168397.66 करोड़ के सापेक्ष रू 137451.78 करोड़ का वितरण किया गया है जिससे 81.62% की उपलब्धि हासिल की गयी है। उन्होंने बताया कि आज इस अवसर पर प्रदेश की समेकित वार्षित ऋण योजना 2017-18 का विमोचन किया जाना प्रस्तावित है जिसका आकार रू. 200958.23 करोड़ है तथा यह योजना पिछले वर्ष की कार्ययोजना से 19.33% वृद्धि दर्शाता है।

<u>वित्तीय समावेशन योजना (FIP)- विभिन्न योजनाएँ और पहल -</u>

वित्तीय समावेशन बैंको के लिए आज एक राष्ट्रीय पहल एवं व्यापार का अवसर भी है। इसीलिए हमें विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं के सफल कार्यांवयन के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना और अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं उदाहरणार्थ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई.); प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई.) और अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.) आदि के अंतर्गत बैंको की उपलब्धियाँ outstanding रही है और इसे विभिन्न स्तरों पर मान्यता प्राप्त हुई है। यद्यपि इन खातों से सम्बन्धित रूपे कार्ड और पिन वितरण एवं इनके सक्रियकरण में और अधिक गतिशीलता लाने की आवश्यकता है। इसी के साथ ओवरड्राफ्ट सुविधा की संस्तुति इन खातों में निरंतर परिचालन, बीमा दावों के निस्तारण की प्रक्रिया, "आधार सक्षम भुगतान प्रणाली" में हुआ लेनदेन, बैंक मित्रों का प्रशिक्षण आदि में और प्रयासों की आवश्यकता है। इन सभी पैरामीटर्स में हुई प्रगति की निरंतर समीक्षा अंतराल पर होने वाली वीडियों कांफ्रेंस मीटिंग के माध्यम से वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लगातार की जा रही है।

इसी क्रम में उन्होंने दो प्रमुख राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर जोर दिया यथा 31 मार्च 2017 तक सभी सक्रिय बचत खातों में आधार और मोबाइल नं. की सीडिंग और बैंक मित्रो की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना जिससे बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके।

अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.) में प्राप्त नवीन प्रगति दर्शाती है कि उत्तर प्रदेश को योजनांतर्गत अधिकतम सदस्यता संख्या (6.94 लाख) से पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है जो पुन: इस सबसे बड़े राज्य के लिए एक और उपलब्धि प्रदर्शित करती है। वित्तीय साक्षरता एवं क्रेडिट परामर्श के अंतर्गत भी प्रदेश में सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

<u>किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना:</u> उपलब्ध आंकड़ो के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016-17 की समाप्ति पर बैंको द्वारा कुल 59.61 लाख किसानों को नवीनीकरण एवं नये जारी कार्डो की सुविधा से सिंचित किया गया है।

<u>ऋण जमा अनुपात (CD Ratio) :</u>

सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको (ग्रामीण बैंको सहित) का मार्च 2017 में ऋण जमा अनुपात का स्तर 46.21% रहा है जो दिसम्बर 2016 के स्तर (42.67%) से 3.54% वृद्धि दर्शाता है। ऋण जमा अनुपात में कमी के कुछ मुख्य कारण विमुद्रीकरण का प्रभाव, प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, ओलावृष्टि व बाढ़ का निरंतर प्रकोप व उधारकर्ताओं द्वारा स्वीकृत बैंक ऋणों की पूरी लिमिट का उपयोग न करना और बैंक ऋणों की बकाया/ लम्बित वसूली भी प्रमुख है। अब समय की आवश्यकता है कि प्रदेश में ऋण जमा अनुपात का स्तर बढ़ा कर राष्ट्रीय स्तर पर लाया जाये जिसके लिए समग्र प्रयास करने की जरूरत है।

<u>लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को अग्रिम - पी.एम.एम.वाई./स्टैण्ड अप इण्डिया कार्यक्रम का कार्यान्वयन:</u>

देश में एम.एस.एम.ई. सेक्टर को प्रोत्साहित करने एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न करने हेतु भारत सरकार द्वारा इस प्रमुख योजनाओं की निरंतर समीक्षा की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा स्टैण्ड अप इण्डिया योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आह्वाहन किया कि नये वित्तीय वर्ष में इन योजनाओं के लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये।

<u>ऋण वसूली</u> - कृषि एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंक ऋणों की समग्र वसूली क्रमश: 59.18% एवं 61.71% रही है जो पिछले वर्ष के आँकड़ो से मामूली गिरावट प्रदर्शित करती है। प्रदेश में लम्बित लगभग 8.30 वसूली प्रमाण पत्रों में वसूली प्रक्रिया हेतु यद्यपि राज्य सरकार द्वारा भरपूर सहयोग दिया जा रहा है परंतु इसमें और तेजी लाने की आवश्यकता है। एक बार पुन: बैंकर्स का आह्वान करते हुए उन्होंने राज्य सरकार, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड के द्वारा समय - समय पर जारी निर्देशों का अनुपालन करने एवं इनके द्वारा की जाने वाली बैठकों में ससमय सहभागिता करने हेतु निवेदन किया एवं उनके उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य प्रणाली बनाने पर बल दिया।

उन्होंने मंचासीन माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश; माननीय वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार व प्रदेश शासन के शीर्ष अधिकारियों तथा सदन में मौजूद सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी एवं गरिमामयी उपस्थिति पर सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रदेश के वित्त मंत्री माननीय श्री राजेश अग्रवाल जी ने अपने सम्बोधन में निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला :

- लगभग 20 करोड़ की आबादी वाला हमारा उत्तर प्रदेश, भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का पांचवा सबसे बड़ा राज्य है। प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु हमने कार्य प्रारम्भ कर दिया है जिसमें बैंकर्स फ्रेंड्स का सहयोग आवश्यक है।
- माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व/निर्देशन में कार्य करते हुए जैसा कि हमारी सरकार ने संकल्प लिया था, प्रदेश के लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा लिए गये फसली ऋणों को माफ करने की योजना आप सबके सहयोग से तैयार कर ली गयी है। इस हेतु आवश्यक धनराशि की व्यवस्था हम जल्द ही आगामी बजट में करने जा रहे हैं।
- गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए रू0 20 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि का भुगतान कराया गया है। प्रदेश में पहली बार आलू किसानों को राहत पहुँचाने की दृष्टि से राज्य सरकार ने 1 लाख मीट्रिक टन आलू खरीदने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।
- प्रदेश में नई औद्योगिक निवेश एवं रोज़गार प्रोत्साहन नीति लायी जा रही है जिससे निश्चय ही पूंजी निवेश आकर्षित होने के साथ-साथ बुनियादी अवस्थापना सुविधाओं का विकास होगा एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढावा मिलने के साथ-साथ बेरोज़गार युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहन मिलेगा।
- आम आदमी के बेहतर जीवन के लिए उद्योग धन्धों की स्थिति में सुधार के लिए प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। प्रदेश के विकास हेतु अवस्थापना सुविधाओं के सुधार, योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियांवयन में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग एवं प्रभावी तथा पारदर्शी प्रशासन को प्रमुख स्थान दिया गया है। साथ ही मा0 मुख्यमंत्री जी ने भी उद्योगों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों को आकर्षित करने के लिए ऐसी रणनीति तैयार किये जाने के निर्देश दिये हैं जिससे राज्य के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग मिल सके।
- प्रदेश में उद्यम स्थापित करने हेतु बैंकों से अधिक से अधिक निवेश की आवश्यकता है। इस फोरम के माध्यम से अनुरोध करना चाहूँगा कि परम्परागत उद्योगों एवं शिल्पकारों को दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं का उनके मध्य अधिक प्रचार-प्रसार बैंकर्स भी करें। साथ ही आई0टी0 उद्योग, इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, डेरी, सौर व पवन ऊर्जा, निर्यात उन्मुख इकाइयों, हथकरघा उद्योग, वस्त्र उद्योग आदि से सम्बन्धित उद्योगों को बढावा देने हेतु प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं स्टैण्डअप इण्डिया योजना के लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण वितरण करें।
- प्रदेश के विकास के लिए हम सभी प्रयासरत है। लखनऊ की भाँति जल्द ही प्रदेश के कानपुर, वाराणासी, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद एवं गोरखपुर शहरों में मेट्रो रेल परियोजना शुरू की जाएगी जिसके लिए आगामी बजट में आवश्यक प्रावधान प्रस्तावित हैं।
- प्रदेश के पिछड़े क्षेत्र विशेषकर बुन्देलखण्ड में एक्सप्रेस वे बनाने की योजना प्रारम्भ की जा रही है। इसके साथ-साथ बुन्देलखण्ड में व्यापक लैंड बैंक बनाकर वहाँ का औद्योगिकीकरण किये जाने पर कार्य चल रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने बैंकर्स से अनुरोध किया कि सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश के सीमित संसाधनों के दृष्टिगत हमें अधिक से अधिक संस्थागत वित्त की आवश्यकता है जिसकी पूर्ति आपके द्वारा की जानी है। अतः अनुरोध है कि प्रदेश के विकास हेतु क्रियांवित की जा रही विभिन्न रोज़गारपरक योजनाएं जिनके अंतर्गत बैंक वित्त पोषण की आवश्यकता है, उनमें अधिक से अधिक ऋण वितरण कर युवा उद्यमियों को स्वतः रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्य नाथ द्वारा अपने सम्बोधन में निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला:

- हमारी सरकार द्वारा "सबका साथ- सबका विकास" करने का संकल्प लिया गया है तथा उसका पूरी तरह अनुसरण केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में किया जा रहा हैं।
- हमारे प्रदेश की जनसंख्या का बड़ा भाग (लगभग 78%) गाँवों में निवास करता है और अपनी आजीविका के लिए अधिकांशत: कृषि पर निर्भर है। प्रदेश में किसानों की कुल संख्या का लगभग 93% लघु एवं सीमांत कृषक हैं। स्पष्ट है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक लघु एवं सीमांत कृषकों पर निर्भर है। विगत 3 वर्षों में दैविक आपदाओं- सूखा, बाढ़ तथा ओलावृष्टि का सर्वाधिक कुठाराघात इन कृषकों को ही झेलना पड़ा है। इस दैवीय आपदा के कारण ये कृषक बैंको से फसल उगाने हेतु लिये गये फसली ऋण की अदायगी भी नहीं कर पा रहे है। इन परिस्थितियों में उनके सूदखोरों के मकड़जाल में फसने की प्रबल सम्भावनायें है जिसका सीधा प्रभाव कृषि क्षेत्र की उत्पादकता पर पड़ना निश्चित है जो प्रदेश के विकास की गति को सीधे तौर पर अवरूद्ध करेगा।
- प्रदेश के लघु एवं सीमांत कृषकों की आर्थिक स्थिति को सुधारने एवं उन्हें पुन: मुख्य धारा में वापस लाने के लिए 04 अप्रैल, 2017 को मंत्रि परिषद की पहली बैठक में ही लघु एवं सीमांत किसानों के फसली ऋण माफ करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया जिसकी अधिकतम सीमा प्रति किसान रू. एक लाख है।
- इसके अलावा किसानों के एन.पी.ए ऋणों को एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के अन्तर्गत समायोजित किये जाने का प्रस्ताव भी विचारणीय है जिस पर बैंको के साथ विस्तृत चर्चा कर अलग से कार्ययोजना तय की जायेगी ताकि ऐसे कृषक पुन: बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकें जिन्हे ऋण ग्रस्तता के कारण बैंको से फसली ऋण मिलना सम्भव नही था।
- आज मुझे बैंको के समक्ष यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आप सबके सहयोग के चलते फसल ऋण योजना को मूर्त रूप दिया गया है किंतु यह संकल्प तभी पूर्ण होगा जब प्रदेश के प्रत्येक पात्र लघु एवं सीमांत किसान के खाते में आप प्रदेश सरकार द्वारा दी गयी सहायता को पहुँचा दे। मै आपको विश्वास दिलाता हूँ कि बैंको को इस कार्य को पूरा करने में राज्य सरकार पूर्ण सहयोग देगी।
- बैंकर्स मित्रों से यह भी कहना चाहूँगा कि वे इस योजना से लाभांवित होने वाले किसानों को ऋण अदायगी के लिए न तो कोई नोटिस जारी करें और न ही उनके विरूद्ध कोई उत्पीड़नात्मक कार्यवाही करें।
- योजना के फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियांवयन सुनिश्चित करने के लिए हमने बैंको के साथ- साथ जिला मशीनरी को भी जोड़ा है। इसके लिए जनपद स्तर पर सम्बन्धित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित करायी गयी हैं जिसमें कृषि तथा विकास से जुड़े विभाग एवं सूचना विभाग के जिलास्तरीय अधिकारी सदस्य है। जिलाधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि योजना का लाभ प्रत्येक लाभांवित होने वाले किसान तक पहुँचे और योजना की जानकारी गाँव - गाँव तक पहुँचाई जाए।
- योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हमने यह भी तय किया है कि योजना से लाभांवित होने वाले किसानों के बैंक खातों को आधार से लिंक कराया जाय जिसके लिए बैंकर्स के सहयोग की आवश्यकता है। मै बैंकर्स साथियों से यह भी कहना चाहूँगा कि वे जिला प्रशासन से आवश्यक समंवय करते हुए आवश्यकतानुसार किसानों की के.वाई.सी. औपचारिकतायं भी पूर्ण करा लेंवे।
- हमारा यह प्रयास है कि राज्य सरकार का वर्ष 2017-18 का बजट पारित होने के तत्काल बाद लघु एवं सीमांत किसानों की फसल ऋण माफी की समतुल्य धनराशि बैंको को उपलब्ध कराते हुए योजना से लाभांवित होने वाले किसानों को ऋण माफी सम्बन्धी प्रमाण- पत्र उपलब्ध करायें जायें। कृपया ऋण माफी के इस अभियान को एक महायज्ञ के रूप में स्वीकार करते हुए अपना सर्वाधिक श्रेष्ठ सहयोग प्रदान करें।
- साथ ही दूसरी महत्वपूर्ण चुनौती प्रदेश में बैंक शाखाओं की कमी है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 16583 बैंक शाखायें (ग्रामीण शाखाओं की संख्या-8176) हैं। प्रदेश में प्रति बैंक शाखा जनसंख्या का औसत लगभग 12000 है जबकि अखिल भारतीय स्तर पर यह औसत लगभग 9000 है। इसी प्रकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति बैंक शाखा जनसंख्या का औसत लगभग 21000 है जबकि अखिल भारतीय स्तर पर यह औसत लगभग 17400 है। इस प्रकार अखिल भारत की तुलना में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखायें अपर्याप्त है।जिसे दृष्टिगत रखते हुए हमने लोक कल्याण संकल्प पत्र 2017 के "बुनियादी विकास मजबूत आधार" के

अंतर्गत बैंको के सहयोग से प्रदेश में 25000 गाँवों में बैंक शाखायें उपलब्ध कराये जाने का संकल्प लिया है। भारत सरकार द्वारा डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने एवं प्रदेश के अन्तिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक बैंक शाखायें स्थापित करना अपरिहार्य है। आपसे अनुरोध है कि जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंको को निर्देश (18 मई 2017) भी दिये है, आने वाले समय में आप, उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक "बैंकिंग आउटलेट" खोले ताकि लोगो को आसानी से बैंकिंग सेवायें/ सुविधायें मिल सके। इस संकल्प की पूर्ति के लिये उन्होंने बैंको को यथा सम्भव हर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया।

- बैंको एवं बैंकर्स की सुरक्षा हेतु भी हमारी सरकार संवेदनशील है। आज से प्रदेश के Law & Order की समीक्षा हेतु बैंको की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण बिन्दु होगा। इस हेतु प्रदेश के महानिदेशक, पुलिस संस्थागत वित्त विभाग के साथ मिल कर बैंको की सुरक्षा हेतु एक सुदृढ़ कार्य योजना तैयार करेंगे।
- आज मुझे आपसे विचार विमर्श करने का जो सुअवसर प्राप्त हुआ उसे व्यर्थ नहीं जाने दिया जायेगा। जैसा कि आप सब जानते है, उत्तर प्रदेश की अधिकांश आबादी आर्थिक रूप से कृषि पर निर्भर है। हमारी सरकार किसानों के कल्याण एवं उनकी आर्थिक समृद्धि के लिए कृत संकल्पित है, इसलिए हमने आप सबके सहयोग को ध्यान में रखते हुए कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और सहकारिता को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुना करने का काम शुरू कर दिया है किंतु यह लक्ष्य तभी मिल सकेगा जब कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी जिसके लिए किसानों की नयी तकनीकि से जोड़ने, कृषि में निवेश बढ़ाने एवं कृषि के लिए वैज्ञानिक विधियों को बढ़ाने की दिशा में हम प्रयासरत है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण तथा अन्य प्रकार के मूल्य संवर्धन कार्य- कलापों को बढ़ाने एवं मण्डियों को आनलाइन जोड़ने पर बल दे रही है।
- उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद विकास के इंडेक्स में पिछड़ा माना जाता है। हमारी सरकार के गठन के साथ ही हमने प्रदेश में परिवर्तन, विकास और गरीबों के सशक्तीकरण का एक नया अध्याय लिखने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। वर्तमान में उपलब्ध संसाधनों को तेजी से बढ़ाते हुए प्रदेश की विकास दर को 10% तक प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है क्योंकि ऐसा होने पर ही राज्य के विकास के लिए आवश्यक वितीय संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। इसके लिए कृषि जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्र के साथ साथ उद्योगो को बढ़ावा देने के लिए Ease of doing business व Tax reform जैसे कदम उठाये जा रहे है। प्रदेश की विकास दर को बढ़ाने हेतु उद्योगो को प्रोत्साहन देने की तत्काल आवश्यकता है ताकि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ साथ प्रदेश की आर्थिक स्थिति में भी तेजी से सुधार परिलक्षित हो। उत्तर प्रदेश में पूंजी निवेश और उद्योग स्थापना की विशाल सम्भावनायें है। हमारी सरकार पूंजी निवेश और उद्योगो की स्थापना के साथ - साथ उद्योगों, उद्यमियों की समस्याओं के समाधान एवं उनके कार्यविस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार नयी औद्योगिक नीति शीघ्र ही लायेगी।
- प्रदेश मे बैंको के योगदान की समीक्षा करते हुए यह पाया गया है कि बैंको के ऋण जमानुपात में पिछले वर्ष (मार्च 2016- 55%) की तुलना में मार्च, 2017 में लगभग 9% की गिरावट आयी है। उत्तर प्रदेश के 18 जनपद ऐसे है जिनका ऋण जमानुपात 40% से भी कम है जो अधिकांशत: पूर्वांचल से सम्बन्धित है। सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, जौनपुर और गाजीपुर का ऋण जमानुपात 25% से भी कम है। बैंकर्स मित्रों इससे प्रदेश के विकास में क्षेत्रीय असमानता स्पष्त दिखायी देती है। आप प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के लिए एक सुदृढ़ कार्ययोजना बना कर इस क्षेत्र में अधिक से अधिक ऋण वितरण करें।
- संस्थागत वित्त विभाग की समीक्षा के दौरान यह पाया गया है कि बैंको द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं स्टैण्ड अप इण्डिया योजना के अंतर्गत अपेक्षित ऋण वितरण नही किया गया है। प्रदेश में बैंको की 16500 से अधिक शाखायें कार्यरत है। स्टैण्ड- अप इण्डिया योजना के अंतर्गत यदि एक अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभार्थी एवं एक महिला लाभार्थी को ऋण दिया जाय तो प्रतिवर्ष 33000 नये उद्यमी उत्तर प्रदेश के आर्थिक पटल पर तैयार होंगे, जो प्रदेश के सार्थक विकास में अहम भूमिका का निर्वाह करेंगे।

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत बैंको ने उत्तर प्रदेश (जनसंख्या 20 करोड़) में 15 जून 2017 तक 3 लाख लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत किये है। जबकि तमिलनाडु (जनसंख्या- 6.78 करोड़) मे 9.48 लाख एवं कर्नाटक (जनसंख्या- 6.40 करोड़) में 7.40 लाख, महाराष्ट्र (जनसंख्या- 11.24 करोड़) में 4.20 लाख लाभार्थियों को ऋण दिये गये है। इस प्रकार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में भी बैंको ने उत्तर प्रदेश की बड़ी जनसंख्या के आधार पर कम ऋण वितरण किया है। आज इस फोरम के माध्यम से मैं सभी बैंकर्स से अनुरोध करना चाहूँगा कि इन दोनो योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक से अधिक ऋण वितरण करें। मेरा यह भी सुझाव है कि बैंक इन दोनो महत्वपूर्ण रोजगारपरक योजनाओं के लिए एक सुदृढ़ रणनीति बनाले।
- प्रदेश सरकार का प्रदेश के प्रत्येक इच्छुक परिवार के कम से कम एक सदस्य को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य है। इसी प्रकार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आर- सेटी) के माध्यम से भी स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अत: कौशल विकास मिशन एवं आर- सेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त एवं स्वरोज़गार के इच्छुक व्यक्तियों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण प्रदान करने में बैंकों द्वारा वरीयता दी जाए।
- सरकार के गठन के उपरांत यह महसूस किया गया है कि शहरी/ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को सस्ती दरों पर आवास ऋण देने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश में संतोषजनक कार्य अभी तक नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के अंतर्गत इस वर्ष 10 लाख परिवारों को आवास दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है। अवगत ही हैं कि इस योजना का उद्देश्य सभी बेघर परिवारों और कच्चे तथा टूटे-फूटे मकानों में रहने वाले परिवारों को वर्ष 2022 तक बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का मकान उपलब्ध कराना है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों के लिए "प्रधानमंत्री आवास योजना - सबके लिए आवास" मिशन के अंतर्गत कार्यांवित की जा रही है जिसके अंतर्गत पात्र शहरी गरीबों (आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग/निम्न आय वर्ग/ मध्यम आय वर्ग) द्वारा आवास के अधिग्रहण/निर्माण के लिए गए गृह ऋण पर ब्याज सब्सिडी दिये जाने की व्यवस्था है। मैं बैंकों से अनुरोध करना चाहूँगा कि केन्द्र/राज्य सरकार के सबके लिए आवास मिशन को निर्धारित समय सीमा (वर्ष 2022) में पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करें।
- उत्तर प्रदेश का विकास, जो सीधे तौर पर गाँवों के विकास से जुड़ा है, के सर्वांगीण विकास हेतु अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर सृजित करने, और ग्रामीण जनता के लिए कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जाने के लिए बैंकों का सहयोग आवश्यक है। इस लिए आप उत्तर प्रदेश के गांवों को अधिक से अधिक संख्या में गोद लेकर उनके सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया में सीधे तौर पर राज्य सरकार से जुड़े एवं ग्रामीण गरीबों की आर्थिक/सामाजिक दशा सुधारने के राज्य सरकार के पुनीत प्रयासों में सहभागी बनें।

श्री अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ ने अपने सम्बोधन में विभिन्न बिन्दुओं पर निम्नानुसार प्रकाश डाला-

- प्रदेश में विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियांवयन एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में अग्रिमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंकर्स द्वारा सघन प्रयास किये जा रहे है जिसके कारण मुद्रा स्फीति की दर में कमी परिलक्षित हो रही है।
- विमुद्रीकरण की वजह से बैंको में कासा धनराशि में वृद्धि हुई है जिसके कारण आगामी एक दो वर्षो के दौरान ब्याज दरों में कमी सम्भावित है। इस कारण बैंको के व्यवसाय में वृद्धि की आशा है।
- प्रदेश सरकार द्वारा घोषित फसल ऋण मोचन योजना कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही साथ विभिन्न कृषि ऋण खातों का नवीनीकरण भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये जिससे बैंको में गैर निष्पादक खातों की स्थिति में सुधार परिलक्षित हो सकें।
- कृषकों की आर्थिक स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कृषि इन्पुटस की लागत, तकनीकी हस्तक्षेप, फसल का खेतों से मण्डी तक पहुँचाने के व्यय में कमी, मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि आदि अनेक प्राथमिकताओं पर विचार करते हुए उनके क्रियांवयन पर बल दिया।

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं स्टैण्ड अप इण्डिया योजनाओं के अंतर्गत बेहतर उपलब्धि हेतु निर्देशित करते हुए उन्होंने बैंको द्वारा एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में और बेहतर योगदान हेतु आह्वाहन किया।
- शाखा विस्तार कार्यक्रम, ग्राहक सेवा व गैर निष्पादित आस्तियों की स्थिति पर भी उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए बैंकर्स के सहयोग की अपेक्षा की।

गणमान्य अतिथियों के सम्बोधन के उपरांत पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत स्थिति प्रस्तुत की गयी -

कार्यसूची संख्या - 1

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 27.03.2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :

विगत बैठक दिनांक 27.03.2017 के कार्यबिन्दु एवं कार्यवृत्त जो सभी सदस्यों को दिनांक 14.06.2017 को प्रेषित किया गया था, की सदन द्वारा पुष्टि की गयी।

कार्यसूची संख्या - 2

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 27.03.2017 को आयोजित बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट

1. प्रदेश के सभी जनपदों में बैंको द्वारा आर - सेटी संस्थानो की स्थापना हेतु राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम 1 एकड़ भूमि का नि:शुल्क आवंटन :

सदन में विषयक चर्चा करते हुए अवगत कराया गया कि भूमि आवंटन, भूमि अधिग्रहण, समझौता ज्ञापन का निष्पादन तथा लीज डीज का निष्पादन आदि कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित बैंको व एस.एल.बी.सी. की उपसमिति द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। यह भी अवगत कराया गया कि प्रदेश के -2- जनपदों यथा बदायूँ और झाँसी में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा नयी आर- सेटी की स्थापना की जा चुकी है एवं -3- जनपदों यथा शामली, सम्भल और हापुड़ में नयी आर- सेटी की स्थापना हेतु सम्बन्धित बैंको एवं ग्रामीण विकास विभाग, उ.प्र. द्वारा ग्राम्य विकास विभाग, भारत सरकार के साथ अनुश्रवण किया जा रहा है। महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ.प्र. ने इस प्रकरण पर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

2. प्रधानमंत्री जन- धन योजना के अंतर्गत जारी रूपे कार्ड के वितरण एवं सक्रियकरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के खातों में आधार संख्या की सीडिंग करना :

सदन को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री जन- धन योजना के अंतर्गत खुले सभी पात्र खातों में जारी रूपे कार्ड के वितरण एवं उनके एक्टिवेशन हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत सभी बैंको द्वारा कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं जिसके अंतर्गत कार्ड वितरण एवं एक्टिवेशन हेतु आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। साथ ही साथ मनरेगा श्रमिकों के खातों, पी.एम.जे.डी.वाई के अंतर्गत खुले खातों व सिविल पेंशनर खातों में आधार सीडिंग का कार्य बैंकों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

3. 5000 एवं अधिक की जनसंख्या वाले ऐसे गाँव जहाँ कोई भी बैंक शाखा नहीं है, वहाँ बैंको द्वारा ब्रिक एवं मोर्टार शाखा खोलने हेतु रोडमैप:

सदन में इस बिन्दु पर चर्चा की गयी। अद्यतन शिथिल प्रगति के दृष्टिगत सभी बैंको द्वारा चिन्हित केन्द्रों पर बैंक शाखा खोलने की प्रक्रिया पर अविलम्ब प्रभावी कार्यवाही कर समय-सीमा में शाखाओं को खोलने की कार्यवाही सम्पादित करने हेतु अनुरोध दोहराया गया।

4. बैंक मित्रों की स्थिति:

प्रदेश में वितीय साक्षरता के प्रचार- प्रसार हेतु समस्त बैंको द्वारा बैंक मित्रों (Business Correspondents) की नियुक्ति कर उनकी सेवायें ली जा रही हैं। उनकी कार्य प्रणाली पर सदन में चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान सदन

को बताया गया कि विगत दिनों में प्रदेश में सक्रिय बैंक मित्रों का प्रतिशत 88.91 से बढकर 89.34 हुआ है व कुल सक्रिय बैंक मित्रों की संख्या 18918 हो गयी है।

5. बैंको द्वारा LBS MIS- I, II और III विवरणी का ससमय प्रेषण :

एस.एल.बी.सी. द्वारा सदन में उपस्थित समस्त सम्बद्ध को इन विवरणियों के प्रेषण की महत्ता बताते हुए इनके सुसंगत आँकड़ो के ससमय प्रेषण हेतु अनुरोध दोहराया गया।

कार्यसूची संख्या - 3
वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों का क्रियांवयन

क) प्रधानमंत्री जन - धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.)

सदन को अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा लागू इस सर्वोच्च प्राथमिकता प्राप्त योजना के अंतर्गत सभी बैंको द्वारा अभी भी खाते खोलना, उनमें पात्र खातों में रूपे कार्ड जारी करना, तथा वितरण और एक्टिवेशन का कार्य सक्रिय रूप से किया जा रहा है। दिनांक 17.05.2017 तक लगभग 4.47 करोड़ नये खाते खोले गये और लगभग 3.54 करोड़ रूपे डेबिट कार्ड (79.20%) समस्त बैंको द्वारा प्रदेश में जारी किये गये है।

इसी क्रम में प्रदेश में कार्यरत बैंक मित्रों (Business Correspondents) की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की गयी। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश में लगभग 10.65% बैंक मित्र निष्क्रिय है, जिनके स्थान पर नये बैंक मित्रों की नियुक्ति की जानी है। इसी के साथ उनका प्रशिक्षण भी आवश्यक है।

भारत सरकार के निर्देशानुसार, डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में -8- स्थानो पर मेगा डिजी धन मेलो का आयोजन किया गया जिसमें जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

ख) सुरक्षा योजनाओं का क्रियांवयन -

भारत सरकार द्वारा उदघोषित दोनों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा "प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना" व "प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना" एवं एक पेंशन योजना "अटल पेंशन योजना" के अंतर्गत प्रदेश में बैंको द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इन योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त क्लेम्स की स्थिति सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी। इसी क्रम में "अटल पेंशन योजना" की प्रगति पर भी विचार विमर्श किया गया तथा उत्तर प्रदेश को पूरे भारतवर्ष में सर्वोच्च स्थान पर रहने पर सदन द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

ग) स्कूल बैंक चैम्प्स कार्यक्रम -

सम्पूर्ण वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल के विद्यार्थियों के मध्य वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय जागरूकता का प्रसार करने हेतु भारतीय बैंक संघ ने इस कार्यक्रम की शुरूआत की थी जिसके अंतर्गत प्रत्येक बैंक को कम से कम -1- स्कूल को गोद लेना है और उस विद्यालय के विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है। अभी तक लगभग -9649- विद्यालयों एवं 4.70 लाख विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता से जागरूक किया जा चुका है।

घ) कौशल विकास केन्द्रों की वित्तीय साक्षरता केन्द्र से मैपिंग -

वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के आधार पर एस.एल.बी.सी. द्वारा कौशल विकास केन्द्रों को प्रदेश के अग्रणी जिलों में कार्यरत वित्तीय साक्षरता केन्द्रों के साथ मैप कर कार्य योजना तैयार की गयी है। इन केन्द्रों पर वित्तीय साक्षरता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये है।

च) जन- धन शिक्षा कार्यक्रम:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में बैंको द्वारा कुल -100- विद्यालयों को अंगीकृत कर वित्तीय साक्षरता से उन स्कूल के विद्यार्थियों को जागरूक करना है। अभी तक समस्त बैंको द्वारा प्रदेश में कुल -

7814- स्कूलो को अंगीकृत कर कुल -6352- प्रशिक्षण सेशन में कुल -294101- प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

छ) केन्द्रीय सिविल पेंशनर के खातों में आधार सीडिंग:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी बैंको में कैम्प लगाकर उनके सभी केन्द्रीय सिविल पेंशनर के खातों में आधार सीडिंग कराना सुनिश्चित किया जाये। विगत दिनों पेंशन व समाजिक सुरक्षा विभाग, भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा प्रदेश में लखनऊ आदि कुछ जनपदों में इसका निरीक्षण किया गया और उनके द्वारा इस कार्य की प्रशंसा भी की गयी।

कार्यसूची संख्या - 4

(हथकरघा क्षेत्र के अंतर्गत बुनकर क्रेडिट काई योजना का क्रियांवयन)

बुनकर सेक्टर के Revival , Reforms & Restructuring हेतु वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से संशोधित दिशा निर्देश प्राप्त हुए है जो सभी सम्बद्ध को प्रेषित कर दिये गये है। इसके अनुसार यह क्षेत्र अब "मुद्रा योजना": के अंतर्गत शामिल किया जायेगा। इसी क्रम में सदन को अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्रदेश में -7- हथकरघा क्लस्टर चिन्हित किये गये हैं जिनके अंतर्गत कार्यशील -14140- हथकरघा बुनकरों को -12- चिन्हित बैंको के सहयोग से वित्त पोषण किया जा रहा है। इस लक्ष्य को 3 वर्ष के अन्दर पूरा करना है। इस कार्यक्रम के क्रियांवयन एवं मूल्यांकन हेतु एस.एल.बी.सी. की एक उप समिति सिंडीकेट बैंक के समंवयन मे गठित है जिसकी नियमित बैठके आयोजित कर प्रगति समीक्षा की जाती है।

कार्यसूची संख्या - 5

(वार्षिक ऋण योजना 2016-17 की समीक्षा)

वार्षिक ऋण योजना 2016-17 के अंतर्गत मार्च 2017 तक की बैंकवार/ सेक्टरवार प्रगति से सदन को अवगत कराया गया जिसके अनुसार मार्च 2017 तिमाही तक वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति का प्रतिशत 81.62% रहा है। सेक्टरवार कृषि - 79.43%; लघु उद्यम- 112.29% एवं सेवा क्षेत्र- 60.00% की उपलब्धि रही है।

सदन को अवगत कराया गया कि वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत समीक्षा अवधि में समग्र रूप से ऋण वितरण का प्रतिशत विगत वर्ष के सापेक्ष रू. 14266.20 करोड़ (10.38%) अधिक हुआ है।

कृषि क्षेत्र एवं लघु उद्यम क्षेत्रों में भी वितरण का प्रतिशत समग्र रूप से विगत अवधि के प्रतिशत से बढ़ा है। इसी क्रम में वाणिज्यिक बैंको जिसमें प्राइवेट क्षेत्र के बैंको, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको व को- ऑपरेटिव बैंको की उपलब्धियाँ सदन में प्रस्तुत की गयी जो लक्ष्य के सापेक्ष क्रमश: 86.78%; 80.46% एवं 46.94% रहीं।

सदन में उपस्थित समस्त बैंकर्स से यह अनुरोध किया गया कि इस दिशा में समग्र प्रयास करते हुए वर्तमान वित्त वर्ष में प्रदत्त लक्ष्यों की शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें।

चर्चा के दौरान समस्त बैंको से अनुरोध किया गया कि वे अग्रणी जिलों से सम्बन्धित समस्त आँकड़ो के समेकन हेतु भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुरूप LBS MIS I, II & III का ससमय प्रेषण एस.एल.बी.सी. को करना सुनिश्चित करें ताकि एस.एल.बी.सी. द्वारा समेकित विवरणियों का प्रेषण भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य एजेंसीज को निर्धारित समयावधि पर किया जा सके। उल्लेखनीय है कि इस क्रम में हो रही देरी पर हमारे नियमकों द्वारा रोष व अप्रसन्नता व्यक्त की जा रही हैं।

सदन को यह भी अवगत कराया गया कि नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु पी.एल.पी. तैयार किया गया है जिसका आकार लगभग रू. 225847.01 करोड़ है। उसके आधार पर जनपदवार "वार्षिक ऋण योजना- 2017-18" तैयार की गयी है। सभी -75- जनपदों की समेकित वार्षिक ऋण योजना के आधार पर संकलित प्रदेश की वार्षिक ऋण योजना 2017-18 तैयार की गयी है, जिसका विमोचन आज यहाँ किया जा रहा है। इस योजना का आकार

लगभग रू. 200958.23 करोड़ है। यह समेकित वार्षिक ऋण योजना नाबार्ड के पी.एल.पी. के सापेक्ष 96.66% है एवं गत वर्ष की वार्षिक ऋण योजना के सापेक्ष 19.35% की वृद्धि दर्शाता है।

कार्यसूची संख्या - 6
(ऋण जमा अनुपात)

प्रदेश के कम ऋण जमा अनुपात (CD Ratio) पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा इसे योजनाबद्ध तरीके से बढ़ाने हेतु कार्य करने पर विचार किया गया। बैंको द्वारा प्रेषित आंकड़ो के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि मार्च 2016 के सापेक्ष मार्च 2017 में ऋण जमा अनुपात में 7.67% का ह्रास परिलक्षित हुआ है। इसी क्रम में प्रदेश में -18- ऐसे जिले हैं जिनका ऋण जमा अनुपात 40% से कम है, उनमें भी ऋण जमा अनुपात बढ़ाने पर चर्चा की गयी। उन बैंको से खास अनुरोध किया गया जिनका ऋण जमा अनुपात 40% से कम है। महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ.प्र. ने सदन से अनुरोध किया कि एक रोडमैप बनाकर इस दिशा में कार्य करें जिससे जून 2017 में यह अनुपात बढ़ सके।

कार्यसूची संख्या - 7
(पूर्वी भारत में हरित क्रांति योजनांतर्गत प्रदेश में कृषि ऋण प्रवाह की समीक्षा)

